हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026

06 शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले के प्रयास महिलाओं के...




07 सुबात कचहरी खंडहर में तब्दील अनदेखी से ...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सागर की साधारण सभा की बैठक 20 जनवरी को

**सागर।** अध्यक्ष जिला पंचायत सागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सागर की साधारण सभा की बैठक 20 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से ऐतिहासिक धरोहर गढ़पहरा किला में आयोजित की जाएगी। बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन, वीवी-जी राम जी (मनरेगा) के दिशा-निर्देशों पर चर्चा, स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा, सर्व शिक्षा/शिक्षा विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### शक्ति केंद्रों पर कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** रविवार को नरयावली विधायक कार्यालय में मकरोनिया ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई, इसमें आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई और शक्ति केंद्रों पर होने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण है। पार्टी के समस्त पदाधिकारी-कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर कार्य करें और पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्साहपूर्वक सशक्त एवं समर्पित प्रयास करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मकरोनिया ग्रामीण,वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000 से 1,00,000 रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

---

कुशवाहा समाज का नव वर्ष मिलन और सम्मान समारोह संपन्न

# अच्छे समाज का निर्माण धर्मपथ पर चलने से होता है: संत केशव गिरी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में कुशवाहा समाज का नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्नेह भोज के साथ झिरिया माता मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संत केशव गिरी महाराज ने कहा कि धर्मपथ पर चलने से अच्छे समाज का निर्माण होता है इसलिए धर्म का मार्ग कभी ना छोड़े उन्होंने कुशवाहा समाज के आराध्य देव लव कुश भगवान का पूजन किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, नगर विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने समाज़जनो को नववर्ष पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों का विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान पर सम्मान किया गया जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी बाबू रघुवीर सिंह पटेल को उनके जीवन में कुशवाहा समाज के प्रति समर्पण भाव से किए गए कार्य एवं साक सब्जी कृषक कल्याण एसोसिएशन के माध्यम से सब्जी उत्पादक कृषकों के हितों में किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया गया एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री




एडवोकेट अर्जुन पटेल को संपूर्ण भारतवर्ष में कुशवाहा समाज को संगठित किते जाने एवं सागर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा घोषित 10 करोड रुपए की राशि लव कुश मंदिर के निर्माण एवं कुछ कल्याण बोर्ड के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर सम्मान किया गया। कुशवाहा महापंचायत के अध्यक्ष चौधरी जयराम पटेल को समाज में व्याप्त कुरीतियों तेरहवीं प्रथा को बंद किए जाने के सतत प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। अधिवक्ता के सी पटेल को समाज जनों को निःशुल्क विधिक सलाह एवं मार्गदर्शन के प्रति सम्मानित किया गया। मातृछाया क्लीनिक के संस्थापक डॉक्टर लखन पटेल को निःशुल्क मेडिकल शिवरों के आयोजन एवं उचित मार्गदर्शन के प्रति सम्मानित किया गया इसी तरह समाजसेवियों का भी मंच से सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अर्जुन पटेल ने किया आभार कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष पी डी पटेल ने माना।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष निकेश गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र श्रीवास्तव, जनपद सदस्य डॉक्टर संतोष पटेल,हरिओम केसरवानी, विमल यादव पार्षद, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ अंकलेश्वर दुबे,डॉ उमाशंकर पटेल, मौसम पटेल ज्ञान सिंह पटेल, सरपंच योगेंद्र पटेल, शिवदीन पटेल , श्याम कुशवाह पीपरा, श्रीमती उषा नरेंद्र पटेल, बी एम पटेल, हरिराम पटेल,शाहगढ तहसील के अध्यक्ष राकेश पटेल, वृंदावन पटेल आचार्य हरिराम पटेल, बंडा तहसील के अध्यक्ष ओम पटेल, महेश पटेल ,बृजेश पटेल, राजेंद्र पटेल रामेश्वर पटेल प्रदीप कुमार पटेल मनोज पटेल बीना तहसील के अध्यक्ष नंदराम पटेल, जगदीश पटेल,शांति बाई पटेल, खिमलासा से पूर्व मंडी उपाध्यक्ष नवनीत राम पटेल, खूबसिंह पटेल रूपनारायण पटेल शिवप्रसाद पटेल संतोष कुशवाहा लक्ष्मी पटेल एडवोकेट , बिलहरा से नंदलाल पटेल, जैसीनगर से रूपलाल पटेल, शिवम पटेल, सीताराम पटेल लंबरदार ,महेश पटेल रहली, शिवराज पटेल, डॉ लल्लाराम पटेल, खूबचंद पटेल, माया पटेल पटेल गीता पटेल कोमल पटेल, महेश पटेल एडवोकेट नंदलाल पटेल एडवोकेट मथुरा पटेल, एडवोकेट लखन पटेल, शिवम पटेल सहित सागर जिले के विभिन्न तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रो के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

---



## दूसरों के दुःख को कम करना ही सबसे बड़ा पुण्य है: नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी

**गढाकोटा।** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया कि राजा मर्दनसिंह जूदेव वार्ड में जब वार्डवासियों के मध्य पहुंचा तो बहिन गीता पटेल के साथ ठंड से बचाव हेतु परिवार के बच्चों को ऊनी वस्त्र, चप्पल आदि सामग्री वितरित की। तिवारी ने कहा कि वास्तव में इस निर्धन परिवार की स्थिति देखकर हमारा हृदय करुणा से भर गया जिस परिवार में बिन माँ के दो छोटे बच्चे और एक बिटिया है और पिताजी दूर कहीं शहर में मजदूरी करते हैं। और सम्पूर्ण परिवार की सुरक्षा व्यवस्था एक 75 वर्ष की बुजुर्ग महिला के हांथों में है जो कान से कच्ची हैं, वृध्द माताराम के कानों तक हमारी आवाज भले ना पहुंची हो परन्तु हमारा यह छोटा सा सहयोग उनके हृदय को छू गया। दूसरों के दुःख को कम करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। किसी के सहयोग के लिए हमारा निमित्त बनना यह सब ईश्वरीय कृपा से ही संभव है।




## कुलपति ने किया विश्वविद्यालय की ज़मीनी संपत्तियों का निरीक्षण

**सागर।** डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के प्रभारी कुलपति प्रो. यशवन्त सिंह ठाकुर ने नेपाल पैलेस परिसर में हो रहे अतिक्रमण को सुरक्षा, सम्पदा और इंजीनियरिंग विभाग के अमले साथ निरीक्षण किया और मौके पर ही पतंजलि भवन से स्वर्ण जयंती सभागार तक बाउंड्री वॉल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के पूरे प्रशासनिक अमले ने कागदयाऊ घाटी के समीप मेजर वर्मा द्वारा विश्वविद्यालय को दान दी गई पांच एकड़ कीमती जमीन का निरीक्षण किया और वि वि के इंजीनियर राहुल गिरि गोस्वामी को इस जमीन की मज़बूत तार फैंसिंग लगवाने के निर्देश दिए। दौरे के अंत में भैंसा पहाड़ी पर स्थित पुराने विज्ञान महाविद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया। यहां विश्वविद्यालय की 20 एकड़ जमीन है. उन्होंने विचार व्यक्त किया कि यहाँ विश्वविद्यालय में संचालित केंद्रीय विद्यालय को स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने वहां स्थित भवन के मरम्मत और मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु खर्च का इस्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण में कुलपति के साथ वि वि इंजिनियर राहुल गिरि गोस्वामी, वि वि के सम्पदा एवं सुरक्षा अधिकारी प्रो राजेन्द्र यादव तथा शंकर पटेल, मुन्नालाल यादव सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा गाड्र्स भी थे।

---



## महापौर को तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर स्थायी मार्केट निर्माण कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महापौर संगीता सुशील तिवारी को तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उनके लिए स्थायी तिब्बती मार्केट का निर्माण किया जाए। ज्ञापन में लेख किया गया है कि तिब्बती भाई-बहन जो लगभग 47 वर्षों से चार माह तक सागर में गर्म कपड़ा व्यापार करने प्रतिवर्ष आ रहे हैं. भारत सरकार की नीति अनुसार इन्हें स्थायी तिब्बती मार्केट निर्माण कराके उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को परम पावन दलाईलामा को नोबेल पुरस्कार मिलने की खुशी में आयोजित समारोह में आश्वासन दिया था कि एमआईसी की बैठक में इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाकर तिब्बतियों को स्थायी मार्केट निर्माण कराया जाएगा ताकि वे शान्ति, सहिष्णुता के साथ निर्वाध रूप से ठण्ड में गरम कपड़ों का व्यवसाय कर सकें। अतः अनुरोध है कि वर्ष 2026 में तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ को अपना सुगमता पूर्वक व्यापार करने हेतु दिए गए आश्वासन की प्रतिपूर्ति हेतु स्थायी तिब्बती मार्केट निर्माण कराके अनुग्रहीत करने का कष्ट करें। महापौर ने तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ को आश्वस्त किया कि उनके व्यापार करने हेतु स्थायी मार्केट के लिए जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी नगर निगम द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ के प्रतिनिधि ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

---

## रथ सभा के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी, नशामुक्त युवा भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को खुरई नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के स्वागत हेतु आयोजित रथ सभा खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरवांस, मुकारमपुर, कठेली, बरोदिया नोनगर, सागर नाका होते हुए ग्राम शब्दा से निकाली गई। अविराज सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इसी उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है, जिसके तहत एक व्हाट्सएप नंबर 9893439855 जारी किया गया है। इस नंबर पर खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक अपने सुझाव भेज सकते हैं कि क्षेत्र में किन-किन विकास कार्यों की आवश्यकता है और किन कमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर मुख्यमंत्री से आग्रह किया जाएगा कि खुरई विधानसभा के विकास को और अधिक गति दी जाए। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि खुरई



विधानसभा क्षेत्र देश में विकास के मामलों में अग्रणी स्थान पर है, लेकिन इसके बावजूद अभी भी कई कार्य शेष हैं। उन्होंने कहा कि पार्कों का विकास, स्कूलों का सुदृढ़ीकरण, नालियों एवं सड़कों का निर्माण, कई मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा बीना नदी का जल विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना, चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा नए उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि आज से 10 से 12 वर्ष पूर्व खुरई विधानसभा क्षेत्र की स्थिति क्या थी और आज हम कितनी प्रगति कर चुके हैं, यह सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की किसी भी समस्या का समाधान विकास है। जब विकास होता है तो रोजगार बढ़ता है, सम्मान बढ़ता है और समृद्धि आती है। विकास का लाभ समाज के प्रत्येक नागरिक को मिलता है। इसलिए हमें अपने विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहना है।

कार्यक्रम में नन्ही बाई अहिरवार न.प. अध्यक्ष, राहुल प्रसाद चौधरी, जमना प्रसाद अहिरवा, रविन्द्र सिंह राजपूत बरोदा, ओमप्रकाश सिंह ठाकुर विलैया, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर सियाखेरी, राजनारायण कुर्मी आशोली, बृजभूषण कुशवाहा नरोदा सम्मिलित रहे।

---

## भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे आज सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे



**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे एक दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं विभिन्न तैयारियों हेतु कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी सौंपी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे आज 5 जनवरी को सागर जिले के प्रवास के दौरान धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित सागर जिले की सभी विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे।

---

स्वदेशी मेला के समापन पर मेला में लगे सभी स्टॉल वालों का सम्मान व भजन संध्या का आयोजन हुआ

# मेला के अंतिम दिन मिट्टी से बने बर्तन, लकड़ी के खिलौने और पारंपरिक कपड़ों के स्टॉल पर लोगों की अपार भीड़ रही: कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पीटीसी मैदान में 13 दिवसीय स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित स्वदेशी मेला का रविवार को समापन हो गया। प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटैरिया, जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया, मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सांस्कृतिक प्रभारी सुष्मिता ठाकुर ने बताया कि मेले के समापन पर मेला में लगे सभी स्टॉल वालों का सम्मान किया जाएगा, महिलाओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों पर संवाद होगा। दमोह से आ रहे अंकित जैन 20x20 फीट में 4 मिनिट में रंगोली बनाएंगे। इसके अलावा वकील और पुलिस द्वारा बनाए गए बैंड, गायत्री परिवार द्वारा युवाओं को प्रेरित करने वाले भजन, यूटीडी के बच्चों की प्रस्तुति हुई एवं सभी स्कूलों के प्राचार्य का सम्मान, वार्ड सांस्कृतिक प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का सम्मान, स्कान मंदिर के अनुयायी द्वारा भजन संध्या का आयोजन हुआ।

मेला में आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संगठक केशव




दुबोलिया एवं प्रान्त सह संयोजक प्रो विकास सिंह अमरकंटक, मुख्य अतिथि प्रो. यशवंत ठाकुर वाइस चांसलर यूटीडी, अध्यक्ष प्रदीप लारिया विधायक नरयावली, विशिष्ट अतिथि अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी, वृंदावन अहिरवार नगर निगम अध्यक्ष, मिहीलाल अहिरवार मकरोनिया नगर पालिका अध्यक्ष, प्रभुदयाल पटेल प्रदेश मंत्री भाजपा, मेला आयोजक स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया, मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया मंच पर उपस्थित रहीं।

स्वदेशी जागरण मंच मध्य क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया ने बताया कि स्वदेशी मेला के माध्यम से लोगों के अंदर स्वदेशी और देशभक्ति की भावना जागृत होती है जिसके कारण कुटीर उद्योगों का व्यापार बढ़ने लगा है।

स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि मेले में सागर जिले के स्थानीय कारीगरों को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया। मिट्टी से बनी मूर्तियां, लकड़ी के खिलौने और पारंपरिक कपड़ों के स्टॉल पर लोगों की भीड़ देखी गई। साथ ही युवा उद्यमियों ने भी अपने स्टार्टअप और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया। मेले की अपार सफलता पर उन्होंने समस्त अतिथियों और शहरवासियों का आभार माना। स्वदेशी जागरण मंच के विभाग विचार प्रमुख राजकुमार नामदेव, विभाग प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि अंततः स्वदेशी मेला ने न केवल ग्रामीण कारीगरों और उद्योगों को अपनी कला व कौशल प्रदर्शित करने का मौका दिया, बल्कि इसे देखने आए हजारों लोगों को भी भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाई।

मेला व्यवस्थापक विनय मलैया, सुनीता अरिहंत ने कहा स्वदेशी मेला जैसे आयोजन न केवल भारत की समृद्ध संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं। मेला में रामकृष्ण मिश्रा, प्रशांत जैन पायल, अतुल अग्रवाल, सिद्धार्थ शुक्ला, सुनंदा तिवारी आदि उपस्थित थीं।

---



## जैविक / प्राकृतिक हाट बाज़ार में उमड़ा जनविश्वास लगभग 1 लाख की बिक्री से बढ़ा किसानों का उत्साह

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना सागर की पहल पर आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार का तीसरा आयोजन रविवार को पीटीसी ग्राउंड के समीप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हाट बाज़ार में किसानों एवं उपभोक्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह पहल जिले में तेजी से लोकप्रिय होती नजर आ रही है। हाट में जैविक सब्जियां, फल, अनाज, दालें, मसाले एवं विभिन्न प्रसंस्कृत प्राकृतिक खाद्य उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहे। उपभोक्ताओं ने उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता एवं उचित मूल्य को सराहा, वहीं किसानों ने बताया कि इस व्यवस्था से उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर लगभग 25 से अधिक जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद विक्रेताओं ने भाग लिया तथा करीब 300 से 350 उपभोक्ताओं ने सीधे किसानों से खरीदारी की। हाट बाज़ार में कुल मिलाकर लगभग 1 लाख रुपये के रसायन-मुक्त एवं जैविक खाद्य उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई। नागरिकों ने जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग करते हुए इसे किसानों की आय वृद्धि के साथ-साथ आमजन को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## खबर संक्षेप



### मुफ्त कोचिंग देने आगे आईं कृतिका

**ललितपुर।** कहते हैं कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और ज्ञान की कुंजी शिक्षा के जरिए ही प्राप्त की जा सकती है। इसके कई जीवन्त उदाहरण देख जा सकते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण पेश करने के लिए आगे आयीं हैं कृतिका नामदेव। मनोज कुमार नामदेव व अंजना नामदेव की सुपुत्री कृतिका नामदेव ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयन्ती पर कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा मुहैया कराने का निर्णय लिया है। कृतिका नामदेव ने कहा कि तीन जनवरी को 1831 में महाराष्ट्र सतारा के ग्राम नयागांव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों को शिक्षित करने के लिए पुणे में 1848 में विद्यालय खोला था और लड़कियों को भी लड़कों के सापेक्ष शिक्षा का समान अधिकार दिलाया था। उन्हीं के पदचिह्नों पर चलकर वह जरूरतमंद बच्चों को फ्री में शिक्षा देकर उनके सपनों को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा दान है। कृतिका नामदेव ने बताया कि कोचिंग के लिए 5 से 22 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। और रजिस्ट्रेशन फीस केवल 100 रुपये है। इस कोचिंग का संचालन तालाबपुरा नामदेव समाज के मंदिर के अंदर किया जाएगा।

### मकान के बाहर खड़ी कार हुई चोरी

**ललितपुर।** मकान के सामने खड़ी बुलैरो कार को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हाई-वे स्थित पटेल नगर निवासी वीर सिंह निरंजन पुत्र तिजूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी जय अम्बे कृषि यंत्र के नाम से दुकान पटेलनगर में है। 31 दिसम्बर को रात करीब 8 बजे वह अपने मकान पर आया और उसकी चार पहिया कार बुलैरो नं. यू.पी. 94 एच 9528 को खडा कर दिया, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। बताया कि 1 जनवरी 2026 की सुबह 6 बजे जब उसने मकान के बाहर आकर देखा तो उसकी बुलेरो कार गायब थी। उसने कार की काफी तलाश की, वह नहीं मिली।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गैदोरा निवासी साकूलाल पुत्र दिल्ले कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र अमर सिंह साकूलाल बोरिंग मशीन पर काम करता था। 7 दिसम्बर को रात करीब 7.45 बजे ललितपुर-झांसी हाईवे स्थित ग्राम महर्रा के पास सड़क पर बने पेट्रोल पम्प के सामने सड़क किनारे-किनारे पैदल टोल बैरियर की ओर जा रहा था। तभी ललितपुर की ओर से आ रही मोटर साइकिल अपाचे नं. यू.पी.94 ए.के. 9447 के चालक ने नशे की हालत में उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटता गया और घायल हो गया। भीड़ एकत्र होने पर बाइक चालक मौके से मोटर साइकिल लेकर भाग निकला। मौजूद लोगों ने एम्ब्युलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके पुत्र की हालत नाजुक देखते हुये उसे झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी निवासी वीरू पुत्र जगन ने पुलिस को अवगत कराया कि 31 दिसम्बर को मोहल्ला घुसयाना निवासी ब्रजेन्द्र पुत्र भागीरथ, कल्लू पुत्र खेमचंद्र से किसी बात को लेकर मारपीट हुयी थी। जिसमें उसके द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ चौकी में प्रार्थना पत्र दिया था और 1 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने घर में सो रहा था कि तभी कल्लू दो अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आये और उसे बुलाकर फिर से बिना कारण लोहे की रॉड से मारपीट करने लगे, जिससे उसके सिर में चोटें आयीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## ठंड से बचाने के लिए शासन ने कसी कमर, टीम ने अभियान चलाकर कई निराश्रित को रेन बसेरा में पहुंचा

# नगर पालिका सीमा में खुले में सोने वालों के लिए रेन बसेरा में की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शीतऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के तहत पालिका टीम द्वारा रात्रि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, मंदिरों आदि के आसपास खुले में सो रहे गरीब, असहाय निराश्रित व्यक्तियों को पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे रेन बसेरों में पहुंचाये जाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा कई निराश्रित व्यक्तियों को रेन बसेरा में पहुंचा गया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए निराश्रित व्यक्तियों के लिए जागरूक किया गया। उप जिलाधिकारी ने निराश्रित व्यक्तियों से अपील की । कि जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शीत लहर के बचाव हेतु कोतवाली सदर के सामने व डाईट के सामने स्थित रेन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, जो भी व्यक्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल आदि स्थलों पर रात्रि में खुले में सो रहे है वह उक्त स्थलों पर पहुंचकर विश्राम कर सकते है। इसके अलावा रेन बसेरा, सेल्टर



होम एवं पालिका द्वारा जलाये जा रहे अलावा आदि का निरीक्षण किया गया, जहां पर सस्मस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। रेन बसेरा में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया किया कोई भी खुले में न सोये, जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आश्रय लेने आता है, उसकी जानकारी लेकर तथा आधार कार्ड लेकर उन्हें आश्रय दिलाये जाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी ने कहा गया कि शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें टीम 01 में 13 कर्मचारी एवं टीम 02 में 14 कर्मचारी तैनात किये गये है, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, आस पास खुले में सो रहे व्यक्तियों से संपर्क कर उन्हें रेन बसेरा में आश्रित होने हेतु जागरूक करेगें। कि टीम में लगाये गये जो भी कर्मचारी या अधिकारी यदि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही करते है या उपस्थित नहीं होते है तो उन सभी के विरूद्ध स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई

# शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले के प्रयास महिलाओं के लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में होटल में भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अलका सिंह मौजूद रहीं। जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। कार्यक्रम की शुभारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात समिति पदाधिकारी द्वारा अतिथियों एवं का स्वागत किया गया। अतिथियों ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को देश की पहली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है सावित्रीबाई फुले एक एक समाज सुधारक, अध्यापिका, सेविका और कवियत्री थीं। उन्हें आधी आबादी के हक सम्मान की लड़ाई जीवन पर्यंत लडने वाली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। क्या आप जानते है कि उन्होंने अपने जीवन के आखिरी समय में भी मानव जाति की सेवा के लिए लगा दिया। उनके प्रयासों की वजह से संभव हो पाया स्त्रियों को शिक्षा का सामान अधिकार प्राप्त है।

### पहला स्कूल लड़कियों के लिए 1848 में पुणे में खोला था

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुनन्दा वर्मा ने कहा कि महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में हुआ था। इनके पिता का नाम बंदोंजी नैवसे था जो कि किसान परिवार से थे। इनकी माता का नाम लक्ष्मीबाई था। उन्होंने अपना पहला स्कूल लड़कियों के लिए 1848 में पुणे में खोला था। श्रद्धा वर्मा ने कहा कि सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाली महान विभूति सावित्रीबाई फुले ने भारत में स्त्री शिक्षा का सूत्रपात कर मिशाल कायम की। मालती पाल ने कहा कि नारी का वर्तमान जीवन शिक्षित, सभ्य और पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चलने का स्वरूप सावित्रीबाई फुले के अनवरत प्रयासों व संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक चेतना के संघर्षों को समर्पित कर दिया। भारत की महान नारी सावित्रीबाई फुले के जीवन के अनुछुए पहलुओं से उनके कार्य परिचित कराते हैं। दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले अपना संपूर्ण जीवन एक मिशन के रूप में जिया। उनका उद्देश्य था कि विधवाओं को पुर्नविवाह कराना छुआछूत जैसी सामाजिक बुराईयों को मिटाना, महिलाओं को मुक्ति के मार्ग प्रशस्त करना, उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाना था।




### सावित्रीबाई फुले ने जो कार्य किया है, वह कोई कर नहीं सकता

चन्दा साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का विवाह नौ साल की उम्र में ही समाजसेवी ज्योतिबा फुले के साथ हुआ था। ज्योतिबा फुले को पढना-लिखना सिखाया। 18वीं सदी में जब महिलाओं को स्कूल जाना पाप समझा जाता था, तब उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने का कदम उठाया। अन्जू विश्वकर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जब पढने जाती थी, तो लोग उन्हें पत्थर मारते थे, गन्दगी फेंकते थे। लेकिन वह अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटी और उन्होंने अपने कार्य को अच्छे तरीके से करते हुये मिशाल पेश की। नीता जैन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जो कार्य किया है, वह कोई कर नहीं सकता है। जैसे इंसान के पास ताकत और दौलत का है तो भी वह समाज में इज्जत हांसिल कर सकता है। ठीक वैसे ही उसी तरह उनके द्वारा किये गये प्रयास हम सभी को मार्ग दर्शाते हैं कि जीवन में विचार और प्रयास ही अमर है। व्यक्ति अमर नहीं है। इस दौरान नारी गौरव सम्मान से पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिरधा सूरजरानी निरंजन, मालती पाल झांसी, गीता सिंह शिक्षिका भोपाल, उर्मिला सेन, रिया जैन बड़कुल, पुष्पा अग्रवाल, रामसखी शुक्ला, पिस्तादेवी वर्मा, शिवरानी कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, गुड्डी सेन, गुडडी नापित, मीरा साहू, सुशीला राजपूत, रिचा अग्रवाल, सुमन जैन, सोनम रावत, विमलेश यादव, कमलेश आर्या झांसी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सावित्री राजपूत, नीलम कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, पुष्पा अग्रवाल, राजेश्वरी जायसवाल, गीता वर्मा, रेखा वर्मा, सुशीला राजपूत, शान्तिबाई सेन, नीतू सेन, क्रान्ति विश्वकर्मा, कौशल्या यादव, रामदेवी कुशवाहा, रेनू याज्ञिक, कमलेश नामेदव, गुड्डी नापित, शिखा याज्ञिक, रश्मि याज्ञिक, आशा सेन, रजनी सेन, कृष्णा सेन, रेखा सेन, भारती सेन आदि मौजूद रहीं।

## कचहरी परिसर में मनाई जयंती

# अधिवक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कचहरी परिसर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने की। उपस्थित अधिवक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरदयाल लोधी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले न केवल एक शिक्षिका नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की मशाल थीं। उन्होंने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया जब समाज की बेडियां बहुत मजबूत थीं। उनके द्वारा जलायी गई शिक्षा की ज्योति का ही परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अधिवक्ता जानकी बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपमान और बाधाओं को सहते हुए भी समाज के वंचित वर्गों के लिए पाठशालाएं खोलीं। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है और सावित्रीबाई फुले का जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। इस दौरान एड.हरदयाल सिंह लोधी एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., पुष्पेन्द सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., विजयनारायण गोस्वामी एड., कमलेश लोधी एड., दीपक सिंह राजपूत एड., हरगोविंद, शेरसिंह यादव एड., अरुणप्रताप सिंह लोधी एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी., विकास झा एड., आकाश झा एड., अनुराग लोधी, गजराम लोधी, रानू विदुआ एड., रंजना राजपूत, इंदर राजपूत, भूपेंद्र सिंह यादव एड., मीना राजा, ज्योति नामदेव सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे समाज में शिक्षा के प्रसार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी

# दुष्कर्म व ब्लैकमेल के आरोपी को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

थाना बानपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी अमजद खान को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस दौरान आरोपी की तरफ से चलाई गई गोली से पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। थानाध्यक्ष बानपुर अरुण तिवारी अपने हमराहों के साथ सुबह चार बजे बानपुर-महरौनी मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान अमजद खान दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अमजद के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अमजद के पास से एक तमंचा, दो खाली खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए। अमजद खान कस्बा बानपुर की 15 वर्षीय छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। परेशान होकर छात्रा ने 22 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे टीकमगढ़ और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने आरोपी अमजद खान के खिलाफ पीड़िता के पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। 24 दिसंबर को हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। अमजद खान 22 दिसंबर को टीकमगढ़ जिले के एक होटल में छात्रा के साथ था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ा।

### महिलाओं को देखकर अश्लीलता की, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम नैनवारा में रहने वाले प्रबल प्रताप सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 जनवरी को अपराह्न करीब 12.30 बजे वह नये साल के अवसर पर ग्राम कुम्हैड़ी स्थित मां अंजनी माता मंदिर में दर्शन करने आया था। तभी कुछ लोग मंदिर में दुकान की छत पर बैठे थे। वहां ब्रजेन्द्र पुत्र धनीराम टिकरिया, सौरभ पुत्र धनीराम व हरीकिशन अहिरवार उर्फ भज्जू पुत्र मकुन्दी अहिरवार ने नीचे दुकान में प्रसाद व सामान लेने आयी महिलाओं को मंदिर दर्शन करने से पहले स्नान करने की प्रथा है और स्नान करने वाली महिलाओं को देखकर हंसी मजाक व अशखेल हरकतें कर रहे थे। जब उसने अन्य दर्शनार्थियों के साथ उक्त लोगों को रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नए वर्ष का कविताओं का पाठ कर किया स्वागत

# कवियों ने सुनाई एक से बढ़कर एक रचनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नव वर्ष के अवसर पर कौमी एकता की प्रतिक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदबी के तत्वाधान में समाजसेवी राम प्रकाश शर्मा के निवास पर साहित्य सदन में पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डा.खेमचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थाध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने किया। श्रोताओं द्वारा तालियां बजाकर कभी कवियों का हौंसला अफजाई किया। गीतों बुंदेली हास्य व्यंग्य पर श्रोता झूम उठे। रामकृष्ण कुशवाहा ने संचालन करते हुए नववर्ष की। शुरुआत में समस्त देशवासियों को एवं नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए खूबसूरत शेर पढ़ते हुए कहा कि बद्दुआ दे कोई तुम उसको दुआएं देना, मुसाफिर को



उसकी मंजिल का पता बता देना, गर्दिशों हम ही तुम्हारे काम आएंगे, नए दोस्त मिल जाएं तो हमें भूल न देना। महिला शक्ति की एक मात्र कवियत्री सुमनलता शर्मा ने शेर पढ़ते हुए कहा कि गमों पर भारी है खुशियों का साया हैं, अपने सभी हो न कोई पराया। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल पेश करते हुए कहा कि किसी दुश्मनी क्या है किसी से दोस्ती क्या है। समझते ही नहीं लोग सजे जिंदगी क्या है। बुन्देली कवि शीलचंद्र शास्त्री ने हास्य व्यंग से पाठ कर खूब हंसाया, भूख बढ गई भूमि की चर्चा चहुओर जितों बांटना चाहिये, वेई रहे वोटर। पुरुषोत्तम नारायण पस्तोर ने रचना पेश करते हुए कहा कि उज्ज्वल हिंदुस्तान बनाएं। राम रहीम का देश बनाएं। हरपाल सिंह चंदेल ने खूब शेर पढ़ते हुए कहा कि साली के से पेश आने नहीं देती। बो रुठती है लेकिन मनाने नहीं देती। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. खेमचंद्र वर्मा ने कहा कि बीत गए लौटकर वह जमाने नहीं आते नए लोग आते हैं, पुराने नहीं आते। श्रोताओं में रामप्रकाश शर्मा, राजराम खटीक, रजनी, मीना आदि रहे मौजूद।

# रेलवे कर्मियों को ड्यूटी से बुला शराब पिलाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** झांसी दीनदयाल नगर निवासी मनोज खरे पुत्र स्व.बाबूराम खरे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एसएसई पी.वे. इंचार्ज (उत्तर) ललितपुर में तैनात हैं। बताया कि बाहरी व्यक्ति द्वारा रेलवे आवास में घुसकर अभद्रता करते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस को बताया कि इकराम खां पुत्र नबाव खां, रविन्द्र सिंह यादव पुत्र जाहर सिंह रेलवे में चाबीमैन के पद पर यूनिट नं. 9 ललितपुर में किमी 1037/0 से 1041/0 एवं किमी 1041/0 से 1045/0 तक तीसरी लाइन में कार्यरत हैं। 31 दिसम्बर को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों कर्मचारी इकराम खां व रविन्द्र सिंह यादव अपने सेक्शन में अनुपस्थित थे। इकराम खां को फोन लगाने पर उसने बताया कि वह प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साहू के साथ बैठकर शराब पी रहा है। आरोप लगाया कि प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साहू कर्मचारियों को ड्यूटी से बुलाता है और रेलवे कर्मचारियों को ब्याज पर पैसा देता है, जिससे रेलवे कर्मचारियों को एवं रेलवे आवासों में अपनी धाक जमाये रखना चाहता है, जो कि रेलवे सुरक्षा व संरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त घातक है, जिससे किसी भी प्रकार घटना की आशंका बनी रहती है। बताया कि 31 दिसम्बर को दिन में 3.31 बजे इकराम खां के साथ शराब पीने के दौरान इकराम के फोन से प्रदीप ने एसएसई पी.वे. मनोरंजन को फोन करके गालियां देते हुये हाथ-पैर तोडने की धमकी दी, जिसकी रिकॉर्डिंग है।

### पटरी पार करते समय ट्रेन से पैर कट गया

**ललितपुर।** रेल पटरी पार करते समय एक राजमिस्त्री ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसका एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया, जबकि दूसरा पैर टूट गया। गंभीर हालत में उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे झांसी-ललितपुर रेल मार्ग पर सिद्धान के निकट हुई। राहगीरों ने कोतवाली सदर अंतर्गत ग्राम सिलगान निवासी 33 वर्षीय नरेंद्र चंदेल पुत्र अशोक को घायल अवस्था में रेल पटरी किनारे पड़ा देखा। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। नरेंद्र ने बताया कि वह सुबह ललितपुर आया था और 20 हजार रुपए लिए थे। दोपहर में सिद्धान के पास कुछ लोगों से मुलाकात हुई। उनके पास बैठने के बाद वह रेल पटरी पर जा रहा था।

## राजाराम कुशवाहा की श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बिरधा ब्लाक के ग्राम बरारी में पूर्व से निर्धारित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व शराजाराम कुशवाहा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल मे मरीजों के लिए फल वितरण किए गए, मदर टेरेसा में मानसिक रूप से विच्छित बच्चो को फल खिलाने के बाद कम्बल वितरित किए । ग्राम बिरारी में राजाराम स्मृति पार्क में स्व राजाराम कुशवाहा को पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी सभा में मेघावी छात्र छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया उसके बाद अतिथियों का तिलक, माला पहनाकर किया अतिथियों ने स्व राजाराम कुशवाहा द्वारा किए गए संघर्ष, नेक कार्यों को



बताया,कार्यक्रम को जारी रखते हुए गरीबों और असहायों को विशाल कम्बल वितरित किए गए उपरांत विश्राम गृह एवं खेल मैदान द्वार का उद्घाटन फीता काट कर किया गया अंत में अन्नपूर्णा भोजनालय के माध्यम से मरीजों को भोजन वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ रहे कार्यक्रम में उपस्थित शिवचरण कुशवाहा बाँदा (पूर्व लोक सभा प्रत्याशी) रामरतन कुशवाहा सदर विधायक मनोज कुशवाहा, कुल्लू दुबे, रामु कुशवाहा (सदस्य जिलापंचायत), मोहन कुशवाहा पूर्व जिलापंचायत , सोनू चौबे प्रधान गदोरादासी कुशवाहा प्रधान खडेरा, विवेक कुशवाहा प्रधान सलैया , सतेंद्र सिंह बुंदेला प्रधान सिगेपुर कृपाशंकर पूर्वप्रधान कचनोदा शेरसिंह प्रधान तोड़ी, महेश प्रधान रजवारा,सुजान पटेल ठेकेदार पड़ोरिया, चिंटू राजा पूर्व प्रधान, विक्की प्रधान दुलावन, वंदना मेहता देवेंद्र बोलारी, धर्मसिंह, बाबूलाल, पूरन,दीपक, छोटू, रेखा, आरती, सीमा, अनीता, हरीराम विजय, ब्रजनंदन, शिवलाल, संतोष, प्रदीप, जितेंद्र,अयोध्या, पुष्पेंद्र, राजेंद्र, राज यादव, मंगल, धनीराम, ब्रजेश सुरेंद्र, ब्रजभान, राजपाल, ब्रजेश, दीपक, जयप्रकाश, पवन, कृपाल, रूपनारायण, एवं समस्त प्रधान, कोटेदार, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी, एवं सभी सहयोगीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायन तिवारी रजवारा के द्वारा किया गया आभार व्यक्त प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## नशेड़ियों का अड्डा बना पूर्व संयुक्त न्यायालय भवन, जिम्मेदार मौन

# सुबात कचहरी खंडहर में तब्दील अनदेखी से सरेराह मंडरा रही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किला रोड स्थित मैन मार्केट में सुबात कचहरी का खाली पड़ा खंडहर भवन जिसमें कभी संयुक्त न्यायालय (जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सभी राजस्व न्यायालय) संचालित होते थे जहां से चोर उचक्कों को सुधारने के लिए जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जाती थी आज वो भवन चोर उचक्कों और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। बीच बाजार में खंडहर के रूप में खड़ा इस भवन का हिस्सा गाहेबगाहे गिरता ही रहता है जिससे आसपास रहने वाले लोग हमेशा दहशत में रहते हैं।

किला रोड पर बनी सुबात कचहरी विगत दो दशकों से खाली खंडहर बनकर नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है। कभी जिला न्यायालय का अधिकार रखने वाली यह बिल्डिंग आज उन चोरों का अड्डा बन गई है जिन चोरों को इस बिल्डिंग से जेल की हवा खिलाई जाती थी। इस भवन से न्यायालय दूसरे भवन में शिफ्ट होने के बाद ताला डाल दिया गया और उसके बाद प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली। भवन में रखी क्विंटलो न्यायालय के कागज चोरों ने चोरी कर बेच डालें। इस भवन में लोहे के जंगले, किवाड़ और लड़कियों के दूसरे सामान भी तोड़कर बेचने का काम आज भी किया जा रहा है। कचहरी के भीतर से चोर सामान निकालकर ले जाते दिखाई पड़ते हैं और शाम होते ही नशेड़ी से कचहरी में घुस जाते हैं हालांकि जो मुख्य गेट है वहां ताला डाला हुआ है लेकिन खारा कुआं के पास पीछे वाला रास्ता) कचहरी में घुसने के लिए रास्ता दीवार तोड़कर बनाया गया है। यहीं से चोर और नशेड़ी नशा करने के लिए अंदर घुस जाते हैं। स्मैक का नशा करने वाले नशेड़ियों के नशे में उपयोग होने वाले एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज के ढेर बिखरे दिखाई पड़ जाएंगे। इस संबंध में सीएमओ आरआर यादव का कहना है, सुबात कचहरी बेहद पुरानी बिल्डिंग है जो सरकारी योजना के तहत विकसित करने लीज पर दी गई है। इस बिल्डिंग को डैमेज घोषित किया जा चुका है लोगों को उसके पास आने से रोकने के लिए तार फेंसिंग भी की गई थी। कलेक्टर के माध्यम से संबंधित व्यवसाई को इस संबंध में सूचना दी जाएगी।



### कॉम्प्लेक्स के लिए बनाई योजना, बोली लगाकर बेचा

बीच बाजार में स्थित सुबात कचहरी भवन खंडहर हो जाने के कारण प्रशासन ने इसे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड को सौंपा था। तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आधुनिक तरीके से बनाए जाने के लिए प्लानिंग भी कर ली थी लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने इसे ऑनलाइन बोली लगाकर बेच दिया। जिससे बेरोजगार युवाओं को इस प्रस्तावित शॉपिंग में दुकान लेकर स्वरोजगार का देखा सपना भी चूर हो गया।

### दशकों तक न्याय प्रदाता रही आज खंडहर हुई बिल्डिंग

श्योपुर जिला बनने से पहले कचहरी और तहसील शहर के बीचों बीच स्थित थी, लेकिन 1998 में जिला बनने के बाद कलेक्ट्रेट, जिला न्यायालय शिवपुरी रोड पर पहुंच गया। जिससे करीब 27 साल से यह भवन खाली पड़ा है। प्रशासन की अनदेखी के चलते खंडर गिरने के कगार पर भी पहुंच गया है। खास चात यह है कि सुबात कचहरी भवन में पहले जिला न्यायालय संवालित था साथ ही राजस्व व्यायालय भी इसी भवन में संचालित होते थे। जब देश आजाद नहीं हुआ था तब भी सुबात कचहरी न्याय का मंदिर थी अंग्रेजों के जमाने में और उससे पहले राजा महाराजा भी इसे न्याय का मंदिर बनाए हुए थे दशकों तक या यूं कहें कि सदियों तक यह बिल्डिंग न्याय का मंदिर रही तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

# घंटा बजाकर कांग्रेसियों ने मांगा कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रदेश सरकार के मंत्री शिष्टाचार तक भूल गए हैं वे सार्वजनिक स्थानों पर भी असंसदीय भाषा का उपयोग करते रहते हैं। यह बात रविवार को जय स्तंभ पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ घंटा बजाकर किए गए प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कही।

जय स्तंभ पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में नगरीय निकाय व आवास पर्यावरण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के उस बयान के खिलाफ घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने एक पत्रकार द्वारा दूषित पानी पीने से इंदौर में हुई मौतों के बारे में प्रश्न पूछा था। इस पर विजयवर्गीय ने घंटा जैसा जवाब देकर पत्रकार को अपमानित किया था। इसको लेकर प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने भी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि दूषित पानी से जनता की ज़िंदगी दांव पर है, लोग बीमार हैं, जानें जा रही हैं। और सत्ता संवेदना छोड़कर बदज़ुबानी पर उतर आई है। इसी लापरवाही और अहंकार के ख़िलाफ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्योपुर के नेतृत्व में भाजपा विधानसभा प्रत्याशी के घर के आगे व सड़कों पर उतरकर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जवाब मांगा। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ कमल शर्मा, राहुल चौहान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला) सिराज दाऊदी, रामकुमार उमरेया पार्षद सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# चाय दुकान विवाद ने लिया हिंसक रूप दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के शिवपुरी रोड स्थित एक चाय दुकान पर गुटखा लेने और खुले पैसे को लेकर की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना हिंसक हो गया कि दो पक्ष के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं।

मारपीट की घटना के बाद दोनों तरफ से कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। एक पक्ष की रिपोर्ट केशर कॉलोनी निवासी विशाल दौहरे (26) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह स्टेडियम के पास अपने चाचा के बेटे कार्तिक दौहरे की चाय दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान इली मुसलमान, भाटू मुसलमान और राजा मुसलमान वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने स्टंप और बल्ले से मारपीट की, जिससे विशाल को मुंह, हाथ, कमर और पैर में चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई तरुण और हर्ष के साथ भी मारपीट की गई। कोतवाली पुलिस ने विशाल की रिपोर्ट पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से बालापुरा निवासी फरोद उर्फ सोनू (19) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह बीर सावरकर स्टेडियम में क्रिकेट खेलते समय पानी पीने चाय दुकान पर गया था, जहां दुकानदार कार्तिक उर्फ ईशू और उसके बड़े भाई ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे और घूंसे से मारपीट की। इस घटना में उसे सिर और हाथ में चोटें आईं। कोतवाली पुलिस ने इस रिपोर्ट पर भी एफआईआर दर्ज कर ली है।

## कोतवाली पुलिस बोली मामले की जांच की जा रही

# अंबेडकर बस्ती में धर्मांतरण का आरोप विरोध में घेरी कोतवाली, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शहर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर बस्ती में हिंदूवादी संगठनों ने धर्मांतरण कराए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं इसके विरोध में अंबेडकर बस्ती के लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव करते हुए हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों पर जबरन घर में घुसकर धमकाने और जातिसूचक गालियां देने संबंधी आवेदन दिया है।


शहर के रेगर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 20 निवासी अजय रेंगर ने हिंदूवादी संगठनों से जुडे लोगों के साथ एक आवेदन कोतवाली थाने में सौपते हुए आरोप लगाया कि वार्ड 11 निवासी सीताराम बैरवा और अन्य ईसाई समाज के लोगों द्वारा अंबेडकर बस्ती में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। शिकायत में कहा गया कि श्रीरामदेव बाबा मंदिर के पास लोगों को एकत्र कर हिंदू धर्म के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया और ईसाई धर्म अपनाने पर आर्थिक लाभ व मिशनरी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा दिलाने का प्रलोभन दिया गया। जब उसने अन्य लोगों के साथ इसका विरोध किया तो नामजद लोगों के द्वारा गाली-गलौज और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस ने सीताराम सहित अन्य ईसाई समाज के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

वहीं इसघटनाक्रम के बाद वार्ड 11 अंबेडकर नगर के लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव करते हुए एक आवेदन सौपा है,जिसमें आरोप लगाया है कि हिंदूवादी संगठनों से जुडे कुछ लोग जबरन उनके घरों में घुस आए, जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया, गेट तोड़ने की कोशिश की और महिलाओं के साथ जबरदस्ती का प्रयास करते हुए डराया-धमकाया। वार्डवासियों का कहना है कि वे वर्षों से सत्संग करते आ रहे हैं, सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाते हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच की जा रही है।

# फिर गति पकड़ेगा अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना का ठंडा पड़ा काम

**मुख्यमंत्री निवास पर इस परियोजना को लेकर आयोजित बैठक में सीएम ने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



काफी दिनों से ठंडे बस्ते में चल रहा अटल प्रोग्रेस वे का काम अब फिर से गति पकड़ता नजर आएगा। क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना की मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक के दौरान कहा है कि क्षेत्रीय विकास में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना से प्रदेश के चंबल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस मार्ग से मुरैना, श्योपुर और भिंड जिले, राजस्थान से निकल रहे दिल्ली-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे और उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ हाईवे से जुड़ेंगे। इससे क्षेत्र की कोटा, मुंबई, कानपुर, लखनऊ, आगरा और दिल्ली से कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा यात्रा का समय कम होगा। परिणामस्वरूप क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार-व्यवसाय, पर्यटन और आवागमन को प्रोत्साहन मिलेगा। सीएम डॉ यादव ने निर्देश दिए है कि किसानों और क्षेत्रीय निवासियों की सहमति और संतुष्टि अनुसार भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कर परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेंच राष्ट्रीय उद्यान-कान्हा टाइगर रिजर्व-बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और पन्ना राष्ट्रीय उद्यान को जोड़ने वाले मार्ग को टाइगर टूरिज्म कॉरीडोर के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 625 कि.मी. लंबे इस मार्ग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। बैठक में अटल एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित दो प्लान का तुलनात्मक प्रस्तुतिकरण किया गया।

# इंदौर की घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट, एडीएम ने लिया शहर की जल प्रदाय सुरक्षा का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इंदौर में दूषित पानी पीने से जो घटना घटित हुई, वैसी घटना श्योपुर शहर में सामने न आए, इसको लेकर श्योपुर जिले का प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। रविवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा श्योपुर शहर में जल प्रदाय सुरक्षा का जायजा लिया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी डूडा विजय शाक्य, सीएमओ राधेरमण यादव, उपयंत्री पवन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 13, 15, 17, 01 सहित भोई मोहल्ला आदि स्थानों पर पहुंचकर नगरपालिका द्वारा पेयजल के लिए स्थापित पेयजल स्त्रोतों, पाइपलाइन एवं नल कनेक्शनों का निरीक्षण किया गया। वार्ड क्रमांक 10 के भ्रमण के दौरान पानी की टंकी के पास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये। वार्ड 13 में जयश्री पैलेस के निकट पेयजल सप्लाई हेतु बोर का अवलोकन किया गया तथा लीकेज सुधरवाने के निर्देश दिये गये। वार्ड क्रमांक 15 में नल कनेक्शन असुरक्षित मिलने पर निर्देश दिये गये कि नाली से होकर गुजरे कनेक्शनों को सुरक्षित रूप से व्यवस्थित किया जायें। इसी प्रकार भोई मोहल्ला क्षेत्र में असुरक्षित पाईपलाइन को हटाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड क्रमांक 17 में पुलिया के पास नाले की साफ-सफाई कराये जाने तथा पाइपलाइनों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये गये। वार्ड क्रमांक 01 में किला गेट का सौन्दर्यकरण कराये जाने तथा अतिक्रमण हटाने हेतु नपा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई पाइपलाइनों एवं नल कनेक्शनों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि लिकेज आदि का निरीक्षण सतत रूप से किया जायें तथा ऐसी शिकायते आने पर उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जायें। उन्होने कहा कि पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाये तथा नियमित अंतराल पर पानी के सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई जायें। उधर बडौदा एवं विजयपुर में भी अधिकारियों द्वारा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए पाईपलाइन नल कनेक्शन आदि का निरीक्षण किया गया। बडौदा में निरीक्षण के दौरान नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, सीएमओ ताराचंद धूलिया सहित नगरीय निकाय के अमले द्वारा विभिन्न वार्डो के गली मोहल्लो में पानी के लिए डाली गई पाइपलाइनों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा के संबंध में जायजा लिया गया। इसी प्रकार नगर परिषद विजयपुर में भी अधिकारियों द्वारा विभिन्न पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया।



### पेयजल संबंधी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार पेयजल संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 07530-222631 जारी किया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोलरूम में स्थापित उक्त नंबर पर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उक्त नंबर पर शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत कराया जा सकता है।

## संतों के सानिध्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज से एकजुटता का आह्वान

# हमें अपने घर से करनी होगी पंच परिवर्तन की सीख को अपनाने की शुरुआतः मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

'पंच परिवर्तन' की सीख हर घर से प्रारंभ होनी चाहिए। सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी, पर्यावरण और कुटुम्ब प्रबोधन का वातावरणघर से बनाना होगा। पंच परिवर्तन की इस सीख को अपनाने की शुरूआत हमे अपने घर से करनी होगी। इसके लिए आपसी संवाद के जरिए आगे की राह बनाएं। यह बात आरएसएस के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने रविवार को सोईकलां में आयोजित हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। संतो के सानिध्य में आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में संत श्री रामदास जी महाराज देवरीधाम, संत श्री गोपालदास महाराज नौनार सरकार, संत श्री किशनदास महाराज लोहडी सोई माता मंदिर,संत श्री दयालगिरी महाराज सोरती का अंडा, कथा व्यास नितेश शास्त्री, समिति के संयोजक ब्रह्मानंद मीणा विशेष रूप से मंचासीन थे।

रविवार को सोंईकलां में आयोजित हिंदू सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा दो स्थानों से निकाली गई। एक कलश यात्रा गांवघेर के हनुमान मंदिर से तो दूसरी कलश यात्रा मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर से आरंभ हुई। गाजेबाजे के साथ यह दोनो कलश यात्राएं अलग अलग मार्गो से होते हुए नयापुरा तिराहे पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान जहां बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश धारण करते हुए चल रही थी। वहीं कलश यात्रा के साथ चल रही भारत माता और शिवाजी की झांकी भी खासी आकर्षण का केन्द्र रही। जिससे समूचे कस्बे का वातावरण उत्साह और श्रद्धामय हो गया। कलश यात्रा श्री जानकी पैलेस मैरिज गार्डन पहुंची। जहां तुलसी पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन का आरंभ हुआ। इसके बाद कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर,खुशी स्कूल तथा शामावि की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी मन जीत लिया।

कार्यक्रम में संत गणों ने भी धर्म के अनुसार आचरण करने की सीख देते हुए सभी लोगों से एक जुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद मीणा और आभार प्रदर्शन सत्यनारायण शिवहरे ने किया। इसके पूर्व शंभूदयाल शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सह भोज का आयोजन भी किया गया।




### दांतरदा में हिंदू सम्मेलन आज

सोई खंड के दांतरदा मंडल में 5 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।




### हिंदू समाज को संगठित और सक्रिय बनने की जरूरत

जिले के विजयपुर, पांडोला, चंद्रपुरा और आवदा में रविवार को मंडली स्तरीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। विजयपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में क्रीडा भारती के संगठन मंत्री गिरिश जायसवाल,आवदा में आयोजित हिंदू सम्मेलन में जिला कार्यवाह राम अवतार शर्मा, चंद्रपुरा और पांडोला में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विभाग प्रचार प्रमुख अजय राजपूत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। संत श्री गोपाल दास महाराज नौनार धाम, संत श्री लखनदास महाराज जाटखेडा, संत श्री भारत भारती महाराज पार्वती धाम,संत श्री राघवदास जी महाराज,संत श्री विसम्बर दास महाराज, संत श्री रामचरण दास राजगुरु मन्दिर बड़ौदा,संत श्री मंगलदास महाराज, संत श्री रामेश्वर दास महाराज, संत श्री सोहंनदास त्यागी महाराज आदि पूज्य संतो की विशेष उपस्थिति भी इन हिंदू सम्मेलनों में रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित होकर सक्रिय और सजग बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी जगह हिंदू सम्मेलनो की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई और समापन सह भोज कार्यक्रम के साथ हुआ।

## बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने जरूरतमंद बच्चियों को भेंट किए गर्म वस्त्र

# कड़ाके की ठंड में मानवता का प्रहरी बनी गुना पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नागरिकों के सहयोगात्मक हर क्षेत्र, चाहे वह अपराध नियंत्रण हो, कानून व्यवस्था हो अथवा सामुदायिक पुलिसिंग सभी क्षेत्रों में निरंतर, सक्रिय, प्रभावी एवं मानवीय कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए, ऐसे निर्धन, असहाय एवं बेसहारा लोग जो सड़कों पर अथवा खुले में रात्रि व्यतीत करने को विवश हैं अथवा जो गर्म कपड़े आदि खरीदने में सक्षम नहीं हैं, उनकी संभावित परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों की हर संभव सहायता करने, आवश्यकतानुसार कंबल एवं गर्म वस्त्र भेंट किए जाने तथा अलाव की व्यवस्था कर उन्हें कड़ाके की ठंड से सुरक्षित रखने हेतु सहयोगात्मक आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। निर्देशों के पालन में आज बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा अपने पुलिस स्टाफ के साथ थाना परिसर के सामने से ठंड से कंपकपाते हुए पैदल गुजर रही ग्रामीण क्षेत्र की कुछ असहाय बच्चियों को रोका गया। उनसे आत्मीय एवं सहज संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें सॉल एवं शॉक्स भेंट किए गए, जिससे बच्चियों को ठंड से राहत मिल सके। गुना पुलिस द्वारा किया जा रहा यह कार्य सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत प्रेरणादायी एवं पूर्णतः मानवीय पहल है।

## खबर संक्षेप



### पिपरई थाने में मजदूरी न मिलने का मामला सामने आया

**पिपरई।** तमाशा के ग्रामीणों को जयपुर मजदूरी के लिए ले जाया गया लेकिन उन्हें मजदूरी नहीं दी गई इस आशय की शिकायत लेकर ग्रामीण पिपरई थाना मुख्यालय पर पहुंचे और मजदूरी दिलाए जाने की मांग की। ग्राम तमाशा निवासी मजदूर वर्ग के युवक बुंदेल सिंह पुत्र किशनलाल, राजेश पुत्र गणेशाराम, विशाल पुत्र बालकिशन, जीवनलाल पुत्र कंगाली, नेपाल पुत्र गंगाराम रजक, परमाल पुत्र भागीरथ शामिल हैं। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि हम जयपुर काम करने गए थे तो हमारे लिए नीरज प्रजापति निवासी ढेकन देवराज सिंह आवरी के साथ मजदूरी करने हमें जयपुर ले गए जहां एक माह के लिए उनके साथ काम किया लेकिन उन्होंने हमें मजदूरी के पैसे नहीं दिए। यह समस्या हमने पिपरई थाना प्रभारी ओ पी मिश्रा को बताई है। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तुरंत फोन लगाकर उनसे पैसे डलवाने की बात कही गई जिससे मजदूरों में हर्ष है।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर अहम बैठक का आयोजन हुआ



**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 केशोपुर में हनुमान मंदिर पर हिंदू सम्मेलन को लेकर अहम बैठक की गई जिसमें सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर टोलिया बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 16 जनवरी को भव्य कलश यात्रा एवं 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं जो टोलियों का गठन किया गया है उनको अपनी अपनी जिम्मेदारी दी गई और कहा गया कि वह अपनी पूर्ण ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करें बैठक में समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### राजपुर के हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**राजपुर।** शनिवार को मंडल राजपुर के द्वारा सकल हिंदू समाज का सम्मेलन में मंडल की समस्त ग्रामीण क्षेत्र से सभी श्रद्धालु और कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित हुए। सुबह 10:00 बजे से रामलीला मंच हनुमान मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर राजपुर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री कृष्ण विद्या मंदिर स्कूल सभा स्थल पर पहुंची। सभा स्थल पर मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री श्री 1008 श्री राम कल्याण दास महंत सेनारी धाम तथा संत श्री श्री 1008 राम निवास दास सिद्ध धाम तिघरी मुख्य प्रवक्ता अबदेश तिवारी प्रांतीय संयोजक बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के रूप में फूलबाई अहिवार मंच पर उपस्थिति रही।

### बीना कप: बारहवें दिन मैदान में खेले गए 4 रोमांचक मुकाबले

# चंदेरी से धुरंधर हारी, दमोह का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट बीना कप के बारहवें दिन कई रोमांचक मैच देखने को मिले। पहला मैच वीपीसीएल व पारस इलेवन के बीच खेला गया। पारस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवरों में 45 रन बनाए। जवाब में बीपीसीएल के बल्लेबाजों ने 2 विकेट खोकर 46 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच चंदेरी और बीपीएल के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंदेरी ने 121 रन बनाए। जवाब में बीपीएल 55 रन से मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच शाहिव रहे, शाहिव ने 78 रन बनाए।




तीसरा मैच धुरंधर व चंदेरी के बीच खेला गया। चंदेरी ने बल्लेबाजी करते हुए 112 रन बनाए। जवाब में धुरंधर 92 रन बना सकी, मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित कोरी रहे। चौथा मैच पटवारी इलेवन दमोह और ग्रीन बैली कुरवाई के बीच खेला गया। कुरवाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर मे 52 बनाए। जवाब में दमोह ने 3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। टूर्नामेंट के बारहवें दिन मुख्य अतिथि राजेन्द्र यादव, शिवचरण यादव, पवन यादव भानगढ़ मंडल अध्यक्ष, प्रहलाद यादव, अर्जुन यादव सरपंच, वीरेंद्र यादव मुहासा व यादव समाज के वरिष्ठ जन व पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंपायर राजेश मिश्रा, महेंद्र यादव, कामेंटर अकरम अली, अनिल शर्मा, स्कोरर,रोहित, नीतेश वर्मा, राघव लिटोरिया रहे।

## टोडा क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ फीता काटकर शुभारंभ

**करैरा।** टोडा-करैरा क्रिकेट लीग का आगाज़ बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ टोडा क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ, जहां स्थानीय युवाओं के खेल-प्रेम और एकता को देखकर हर कोई प्रभावित हो उठा। इस भव्य उद्घाटन समारोह में ग्राम सरपंच जीतू यादव ने समाजसेवी सुभाष अग्रवाल के साथ मिलकर रिबन काटकर लीग का शुभारंभ किया, जिसके बाद पूरा मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। उद्घाटन मैच कैरूआ और निचरौली टीमों के बीच खेला गया, जिसमें टॉस के साथ ही खेल की शुरुआत हुई और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जोश के साथ मैदान में कदम रखा। इस अवसर पर अरविंद सिंह नागिल, दीपू यादव, मोहसीन खान, ब्रजेश साहू, मानवेन्द्र यादव, सतीश वर्मा, विकाश यादव,साहब सिंह यादव और रज्जु यादव जैसे कई गणमान्य अतिथि विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सुभाष अग्रवाल ने माँ पीताम्बरा का जयकारा लगवाकर मैच की शुरुआत को और भी यादगार बना दिया, साथ ही उन्होंने



चौके-छक्कों पर आकर्षक इनाम देने की घोषणा की, जिससे खिलाड़ियों में जीतने का जज्बा और बढ़ गया। सरपंच जीतू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वे युवाओं को किसी भी तरह की सुविधा की कमी नहीं होने देंगे और जो भी संभव होगा, गाँव में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, चाहे वह खेल के मैदान की बेहतरी हो, ट्रेनिंग की व्यवस्था हो या अन्य आवश्यक संसाधन। टोडा-करैरा, जो करैरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला एक छोटा-सा गाँव है, आज इस क्रिकेट लीग के माध्यम से पूरे इलाके में अपनी अलग पहचान बना रहा है, क्योंकि यहाँ के युवा न केवल खेल में बल्कि सामाजिक सद्भाव और टीमवर्क के प्रति भी अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि छोटे गाँवों में भी बड़े सपने देखे जा सकते हैं, बशर्ते सभी का सहयोग और नेतृत्व सकारात्मक दिशा में हो। लीग के दौरान न केवल खेल का आनंद लिया जा रहा है, बल्कि यह स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का बेहतरीन अवसर भी साबित हो रहा है, जहां युवा अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ने का रास्ता तलाश रहे हैं। समाजसेवी सुभाष अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की पहल नशे, बेरोजगारी और अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रखने में भी सहायक सिद्ध हो रही है, क्योंकि खेल के प्रति लगाव युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन सिखाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजन गाँव की पहचान को मजबूत करते हैं।



## विधायक ने शुद्ध पेयजल को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया

**बीना।** नगर पालिका वॉटर फ़िल्टर प्लांट का रविवार को विधायक निर्मला सप्रे ने नपा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। विधायक सप्रे ने प्लांट में पेयजल शुद्धिकरण की समस्त प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक सप्रे ने बीते तीन माह की टेस्ट रिपोर्ट का अवलोकन किया तथा पेयजल की फिजिकल, केमिकल एवं बायोलॉजिकल रिपोर्ट का विस्तार से अध्ययन किया। उन्होंने मौके पर ही जल का तत्काल फिजिकल टेस्ट कराए जाने के निर्देश दिए। विधायक सप्रे ने फ़िल्टर प्लांट की सफाई की नियमित तिथि निश्चित करने, मशीनों के निर्धारित अंतराल पर मेंटेनेंस और फ़िल्टर की धुलाई का समयझ्रसारणी तैयार कर उसे कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक ने कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी जोर देते हुए प्लांट की पुताई एवं आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समय-समय पर निरीक्षण एवं परीक्षण इसी कड़ी का हिस्सा हैं। यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा। निरीक्षण की शुरुआत प्लांट से की गई है, आने वाले दिनों में नगर पालिका क्षेत्र की सभी पानी की टंकियों का निरीक्षण किया जाएगा और उनके पानी के नमूनों के फिजिकल, केमिकल एवं बायोलॉजिकल टेस्ट करवाए जाएंगे। साथ ही विधायक सप्रे ने बताया की नगरपालिका की समस्त पेयजल पाइपलाइन का निरीक्षण कराया जाएगा, तथा लाइन से होते हुए उपभोक्ता के घर तक पहुंचने वाले पानी का परीक्षण करवाया जाएगा, ताकि रास्ते में कहीं भी पानी दूषित न हो रहा हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी राहुल कौरव, राजेंद्र उपाध्याय, संतोष ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, जयदीप शाक्यवार, विवेक ठाकुर, शशि कुशवाहा, आलेख राय, प्रदीप तिवारी आदि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

## राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के 14 साल पूरे, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राधे राधे प्रभात फेरी मंडल के 14 साल पूर्ण होने पर रविवार को नगर में राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पाली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पहुंची। राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के 14 वर्ष पूर्ण होने पर समिति के सदस्यों के अलावा नगर के लोगों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। समिति सदस्य राकेश सेन ने बताया कि जनवरी 2013 में नरसिंह मंदिर में आयोजित कथा में वृंदावन से पधारे भागवत कथा व्यास कबीरचंद और सागर के राजघाट बांध से पधारे त्रेडंडी स्वामी ने कहा था कि सारी समस्याओं का हल, प्रभात फेरी में चल, जगत जंजालों से निकल, प्रभात फेरी में चल के संदेश से



संतों ने शहर के चार लोगों द्वारा राधे-राधे प्रभात फेरी शुरू कराई थी। धीरे-धीरे इसमें लोग जुड़ते गए और आज करीब 400 लोग प्रभात फेरी में शामिल होते हैं। रविवार को राधे राधे प्रभात फेरी मंडल के 14 साल पूर्ण होने पर मां जागेश्वरी धाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के महावीर चौक, नई बस्ती, इंदिरा गांधी वार्ड होते हुए पाली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर पहुंची। जहां पर सामूहिक हनुमान चालीसा संकीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल भक्त उत्साह के साथ भजनों पर जमकर थिरकते हुए नजर आए। लोगों ने जगह-जगह फूलों की बारिश की।

### एकादशी को होता है विशेष संकीर्तन

राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के सदस्य रोजाना सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से प्रभात फेरी शुरू करते हैं जो नगर भ्रमण करती हुई मां जागेश्वरी धाम पर संपन्न होती है। साथ ही प्रभात फेरी में विशेष रूप से राष्ट्रीय त्योहार 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं महापुरुषों की जयंती के साथ ही धार्मिक त्योहार भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। समय-समय पर प्रभात फेरी में शामिल सदस्यों के जन्म उत्सव भी मनाए जाते है।

## शांति एवं कानून व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है रात्रि गश्त: प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा थाने मे रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा रात्रि गस्त का निरीक्षण किया एवं थाना दिनारा पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया। रात्रि के समय पुलिस रात्रि गस्त अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 03-04.01.2026 की रात्रि में एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा रात्रि गस्त मे लगे समस्त बल को चैक किया एवं मुस्तेदी के साथ गस्त करने हेतु निर्देशित किया। रात्रि के समय मे ही एसडीओपी पिछोर द्वारा थाना दिनारा



पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया। रात्रि दफ्तर ड्यूटी में आर शिवम विश्वकर्मा उपस्थित मिले एवं रात्रि गश्त में अरक नारायण बंजारा मय बल के उपस्थित थे।

थाना पर उपस्थित बल के साथ थाने का भ्रमण किया साफ-सफाई का जायजा लिया। थाना की हवालात चेक किया कोई आरोपी नहीं पाया गया न ही कोई व्यक्ति थाना पर बैठा पाया गया। थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध, मर्ग, गुम इन्सान, माइक्रो बीट, मेडीकल, गुण्डा, निगरानी रजिस्टर चेक किया । थाना पर लम्बित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इन्सान के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं लम्बित गिरफ्तारी वारंट, स्थाई वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए। थाने पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों को चैक किया गया 13 कैमरे चालू मिले। रात्रि गश्त अधिकारी को ठीक ढंग से गस्त करने का निर्देश दिया गया।

## गांधी वार्ड में चोरों का आतंक 2 घर से लाखों का माल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर के गांधी वार्ड में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि एक ही रात में दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पहला मामला गांधी वार्ड निवासी ब्रजेंद्र यादव ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ होशंगाबाद गए हुए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने रात के समय मकान का ताला तोड़ दिया और घर में रखे करीब 50 हजार रुपए नकद, आधा किलो चांदी एवं लगभग 3 लाख रुपए मूल्य का सोना चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना रविवार सुबह पड़ोसियों दी।

दूसरी चोरी की घटना राजकुमार अहिरवार के घर की है। राजकुमार अहिरवार की मां गुड्डी बाई अहिरवार ने बताया राजकुमार अपने बच्चों के साथ ससुराल गया हुआ था और वह पति पत्नी घर पर मौजूद थे। रात के समय चोरों ने मौका पाकर घर में सेंध लगाई और करीब 3 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। लगातार हुई इन चोरी की घटनाओं से गांधी वार्ड के रहवासी सहमे हुए हैं और पुलिस की गश्त व सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत ट्रैफिक पुलिस लागू करेगी फोर पिलर मॉडल प्रत्येक बुधवार को ट्रैफिक सेफ्टी डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रदेश में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम के साथ संचालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं समस्त चैकी प्रभारियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों से संबंधित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सड़क सुरक्षा माह का महत्व केवल यातायात के नियमों का पालन नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व है जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट पहनना, गति सीमा का पालन करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना जैसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सड़क सुरक्षा के नियमों को अपना कर न केवल हम अपना बल्कि अपने परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं।





### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियां

सुगम यातायात हेतु सुधार कार्य अशोकनगर शहर के चिन्हित अवैध कट पॉइंट को बंद करना, नवीन बस स्टैंड चैराहे एवं त्रिदेव तिराहे पर अस्थाई गोलंबर, अस्पताल तिराहे पर स्प्रिंग पोस्ट के माध्यम से रास्ता क्लियर, मिलन तिराहे एफओबी पॉइंट पर स्टॉपर के माध्यम से रास्ता क्लियर, पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर से रूट डिवाइड करना, पेट्रोल पंप के पास स्थित खाली भूमि का पार्किंग में उपयोग, गांधी पार्क पर रोड पार्किंग, जिससे हाथ ठेले व्यवस्थित प्रकार से लग सके, स्थाई रूप से खड़े कंडम वाहनों पर कार्यवाही बस स्टैंड तिराहे पर अनाउंसमेंट सिस्टम, राजमाता चैराहा युगल सरकार मंदिर तिराहा, बस स्टैंड तिराहा, पछाड़ीखेड़ा चैराहा, सेन तिराहा, त्रिदेव तिराहा, दुबे हॉस्पिटल तिराहा पर स्पीड ब्रेकर, स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर, एक्सीडेंट प्रोन एरिया ब्लैक स्पॉट पर रेडियम पट्टी ब्लिंकर्स डेलीनेटर, वॉल गार्ड, रोड स्टड एक्सीडेंट प्रोन एरिया में साइन बोर्ड इत्यादि लगाना। यातायात जागरूकता यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, राहवीर, कैशलेस योजना, हिट एंड रन मुआवजा योजना का व्यापक प्रचार, ट्रैफिक सिविक सेंस विकसित करने हेतु स्कूल, कोचिंग में जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

## नव वर्ष पर एक दूसरे को पौधे देकर लिया ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा नववर्ष को एक अनूठे एवं प्रेरणादायक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को पौधे भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं तथा वर्ष 2026 में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में मुख्य भूमिका रामेती रघुवंशी की रही। साथ ही रघुवंशी समाज एवं अशोकनगर शहर को गौरवान्वित करने वाले अक्षत रघुवंशी की माताजी अनुसुइया रघुवंशी का पुष्पहार से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्णा रघुवंशी, टीना रघुवंशी, कविता रघुवंशी, सीमा रघुवंशी,



उमा रघुवंशी एवं परिषद की अध्यक्ष दीपा रघुवंशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा।

## हिंदू एकता भारत को विश्व गुरु बना सकती है: आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

छापर में मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने हिंदू जनमानस को संबोधित करते हुए कहा आज जगह-जगह हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं आरएसएस के शताब्दी महोत्सव के माध्यम से मंडल एवं जिला स्तरीय हिंदू सम्मेलन किये जा रहे हैं। कार्यक्रमों में संघ के जिला एवं अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ धर्माचार्य भी कार्यक्रमों में संबोधन कर हिंदू जनों को एकत्र करने एवं मजबूत करने के लिए जी जान लगा रहे हैं।

छापर में संबोधित करते हुए देव मुरारी बापू ने कहा कि एकता ही



हमको मजबूत करेगी वह भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर हो गई इसके लिए हर घर से एक हिंदू सनातन धर्म एवं भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित करना होगा। सम्मेलन में उच्च नीच का भेदभाव खत्म करने की अपील करते हुए सर्व समाज के लोगों को आवत किया गया और यह कार्यक्रम सकल हिंदू समाज के बैनर तले संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में बहुत संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और समान रूप से एक साथ बैठकर सब लोगों ने भोजन प्रसादी लिया। इसमें मंच पर अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू, मदन गिरी, शंकर गिरी, आरएसएसके लखन शिवहरे अशोकनगर जिला सहकारी वह वीरेंद्र सिंह रघुवंशी शारीरिक प्रमुख रविंद्र रघुवंशी आदि मौजूद थे।

## नव वर्ष का स्वागत आपसी भाईचारे के साथ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंजाबी महिला विकास समिति ने नव वर्ष का स्वागत किया इस मौके पर आपसी भाईचारे, खुशी और उत्साह के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया और शुभकामनाएं बांटी गईं।

यह आयोजन शहर के सुंदर और प्राकृतिक वातावरण वाले स्थल पर आयोजित की गई । जहां समिति की सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नए वर्ष की शुभकामनाओं के आदान प्रदान से की गई। इसके बाद मनोरंजक गेम्स, संगीत और डांस का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने हिस्सा लिया। पिकनिक के दौरान स्वादिष्ट नाश्ता और भोजन की भी व्यवस्था की गई सभी ने मिलकर भोजन का आनंद लिया और हंसी खुशी के इस माहौल ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और आने वाले समय में इस तरह के आयोजन करते रहने की बात कही। अध्यक्ष के साथ सचिव मीता सदाना सुषमा,रानी, मंजू, सोनू, सोनिया, रोशनी, शशि आदि मौजूद थे।